तक नई ग्रामीण विकास योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि, देश में चल रहे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया जाता रहेगा ।

समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना की समीक्षा

8286. श्री अजीत जोगी :
श्री रामचन्द्र सोगा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वित समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना की कोई समीक्षा की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) यदि संगत मामलों में बैंकों द्वारा समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत धन-राशि देने की प्रणाली में सुधार हेतु राज्यों द्वारा यदि कोई सुझाव दिए गए हैं, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना के कार्यान्वयन को कारगर बनाने और उसमें सुधार करने के लिए मंत्रालय द्वारा इन कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा की गई है । मंत्रालय ने विभिन्न ख्याति प्राप्त/स्वतंत्र अनुसंधान संस्थाओं/संगठनों की सहायता से सभी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को कवर करते हुए समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना का संभवतीं मूल्यांकन भी करवाया था । इन मूल्यांकन अध्ययनों के निष्कर्षों के आधार पर इन कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक उपचारी उपाय किए जाते हैं । जवाहर रोजगार योजना का समवर्ती मूल्यांकन जनवरी-दिसम्बर, 1992 तथा हाल ही में जून, 1993; मई 1994 के दौरान करवाया गया । इसी प्रकार समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम का समवर्ती मूल्यांकन सितम्बर, 1992–अगस्त, 1993 के दौरान करवाया गया था ।

(ग) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय अंश की निधियां जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों को सीधे ही रिलीज की जाती हैं । ऋण आवेदनों की जांच के उपरान्त व्यक्तियों को बैंकों द्वारा ऋण संस्वीकृत किया जाता है तथा सबसिडी सरकार द्वारा दी जाती है । जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा पोषित किए जाने वाला कोई ऋण घटक नहीं है ।

DWCRA Programme

8287. SHRI V. RAJESHWAR RAO:
DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of districts presently covered under the DWCRA (Development of Women and Children in Rural Areas) Programme;

(b) the names of such districts in Maharashtra and Andhra Pradesh;

(c) the details of achievements in these districts under this programme; and

(d) the steps being taken to expand this programme?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI UTTAMBHAI PATEL): (a) From the year 1994-95 all the 492 rural districts of the country are covered under